प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 12.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

लोकसभा में सदन के पूर्व अध्यक्ष शिवराज पाटिल के निधन पर आज श्रद्धांजलि दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को श्री पाटिल के निधन की जानकारी दी। श्री बिरला ने कहा कि वे महाराष्ट्र की लातूर संसदीय सीट से लगातार सात बार सांसद रहें। उन्होंने कहा कि श्री पाटिल ने केंद्र सरकार में गृहमंत्री और पंजाब तथा राजस्थान के राज्यपाल के रूप में महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से पूर्व केंद्रीय मंत्री पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भी उनके निधन पर संवेदना व्यक्त की है। गौरतलब है कि श्री पाटिल का लम्बी बीमारी के बाद आज लातुर में अपने निवास पर निधन हो गया।

00000

मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आज नवाचार दिवस– स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। ये कॉन्क्लेव जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 333 चयनित स्टार्टअप्स को 10 करोड़ 79 लाख रूपये की फंन्डिंग प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राजस्थान के युवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा, स्टार्टअप और तकनीक के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे है। इन्हें बढावा देने के लिए राजस्थान को बडे आईटी सेंटर के रूप में विकसित किया जायेगा।

00000

राज्य सरकार की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार करने के लिए प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में 200 प्रचार रथ पंहुचेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर में ओटीएस से 50 विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वहीं जिला मुख्यालयों से जिला प्रभारी मंत्री बाकी डेढ सो रथों को रवाना करेंगे। इन रथों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों, फ्लेगशिप योजनाओं और नीतिगत सुधारों की जानकारी आम लोगों तक पंहुचायी जायेगी।

00000

पाली जिले के रोहट क्षेत्र के सवाईपुरा गांव को स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने स्मार्ट विलेज मिशन मोड की शुरूआत की है। इसी के तहत सवाईपुरा को चुना गया है। हमारे पाली संवाददाता ने बताया कि इसके लिए आधुनिक तकनीक और पर्यावरण अनुकूल उपायों के साथ डिजिटल साधनों का प्रयोग करते हुए गांव का समग्र विकास किया जायेगा।

....

**0000**

सिरोही के भीमराव अम्बेडकर राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को एसीबी ने 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जयपुर में परिवादी से कॉलेज हॉस्टल मेस के ठेके के बिल पास करने और नवीनीकरण करने के नाम पर रिश्वत मांग रहा था। परिवादी की शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने ट्रेप की कार्यवाही को अंजाम देते हुए प्राचार्य को जयपुर स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया।

0000

प्रदेश में कल से शुरू हुए सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान के तहत वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए समझाइश की जा रही है। इसके तहत परिवहन विभाग के उडनदस्ते शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक कर रहे है। इसके साथ ही विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यशाला भी रखी जा रही है। रैली और पेम्पलेट वितरण कर भी लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए समझाया जा रहा है।

00000